No. 89 date - 24-10-25 ( on letter pad)

अध्यक्ष महोदय

xxxxxx लोक सेवा आयोग

xxxxxxx

विषय – xxxxx परीक्षा में मूल्यांकन हेतु एक सुझाव.

महोदय

सादर निवेदन है कि विगत दिनों मुझे xxxxxx मुख्य परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन हेतु आपके यहां आने का अवसर मिला। लगभग दो दर्जन विशेषज्ञों के बीच यह देखा गया कि कुल 200 अंकों की लिखित परीक्षा में कोई 70 -90 के बीच , कोई 55 -125 के बीच अंक देता है। मॉडरेशन के बाद भी अभ्यर्थी के साथ न्याय नहीं हो सकता है।

इस स्थिति में एक सुझाव राजस्थान लोक सेवा आयोग की मूल्यांकन प्रणाली का विचारणीय है , जहां एक विशेषज्ञ सभी उत्तर पुस्तिकाओं में एक ही निश्चित प्रश्न का अंकन करता है अर्थात यदि वह अंक देने में कठोर है तो सभी उत्तर पुस्तिकाओं में कम अंक ही देगा और यदि शिथिल है तो सभी के लिए शिथिल ही होगा। इस तरह 20 प्रश्नों से युक्त उत्तर पुस्तिका 20 विशेषज्ञों के हाथों से गुजरती है और इस तरह एक प्रकार से निष्पक्ष मूल्यांकन होता है।

कृपया इस पर विचार करने का कष्ट कीजियेगा।

सादर

सुरेंद्र कटारिया

Scanned with OKEN Scanner